# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः–जविप्रा / अ.आ / एल.पी.सी. / 16 / डी– 288 दिनांकः– 31-5-16

## कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की **124वीं बैठक दिनांकः 26.05.16 को प्रातः 11.00 बजे** जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में **"चिन्तन सभा कक्ष"** में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है। बैठक में विचार विमर्श पश्चात निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

| क्र. सं | जोन नं. | प्रस्ताव संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | 124:1 | भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 123वीं बैठक दिनांक 11.03.16 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं बैठक 113वीं से 123वीं की पालना रिपोर्ट की समीक्षा बाबत। | भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 123वीं बैठक दिनांक 11.03.16 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई। बैठक संख्या 113 से 123 की पालना की समीक्षा की गई। आयुक्त महोदय द्वारा शेष प्रकरणों की अविलम्ब अनुपालना करने हेतु उपायुक्तों को निर्देश दिए गए। आयुक्त महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि 1 अप्रेल, 2014 से अब तक राजकीय / निजी संस्थाओं के आवंटन के संबंध में लिये गये निर्णय की अनुपालना जोनवार एक प्रारूप तैयार कर प्राप्त की जावे। |
| 2. | 1 | 124:2 | कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत (दक्षिण) जयपुर को मालवीय नगर योजना के भूखण्डधारियों को पेयजल व्यवस्थ में सुधार हेतु उच्च जलाशय के निर्माण हेतु मालवीय नगर योजना के भूखण्ड संख्या ए–518 से ए–520 क्षेत्रफल 543.46 व.मी. का आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–1 द्वारा कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत (दक्षिण) जयपुर को मालवीय नगर योजना के भूखण्डधारियों को पेयजल व्यवस्था में सुधार हेतु उच्च जलाशय के निर्माण हेतु मालवीय नगर योजना के भूखण्ड संख्या ए–518 से ए–520 क्षेत्रफल 543.46 व.मी. का आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को मालवीय नगर योजना में उक्त 543.46 व. मी. भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। |
| 3. | उ.आ. (एल पीसी) | 124:3 | पक्षी चिकित्सालय हेतु भूमि आवंटन किया जाना है अथवा नहीं, के संबंध में निर्णय बाबत। | श्री राजेन्द्र लुहाडिया, सचिव, पक्षी चिकित्सालय ट्रस्ट द्वारा पक्षी चिकित्सालय हेतु जयपुर महानगर सीमा के अन्दर 500 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का अनुरोध किया है। नवीन भूमि आवंटन नीति–2015 में पशु / पक्षी चिकित्सालय हेतु भूमि आवंटन का प्रावधान नहीं है। अतः पशु / पक्षी चिकित्सालय को आवंटन किया जा सकता है अथवा नहीं, के संबंध में निर्णय लिया जाना है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर इस संबंध में राज्य सरकार से नीतिगत निर्णय हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 4. | 1 | 124:4 | मैसर्स गोलछा इन्वेस्टमेन्टस प्रा.लि. को भूखण्ड संख्या सी–6बी सरदार पटेल मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर का मूलरूप से आवंटित क्षेत्रफल से 97.69 व.ग. बढा हुआ क्षेत्रफल आवंटित करने के संबंध में। | उपायुक्त जोन–1 द्वारा मैसर्स गोलछा इन्वेस्टमेन्टस प्रा.लि. के भूखण्ड संख्या सी–6बी, सरदार पटेल मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर के मूलरूप से आवंटित भूखण्ड के निकट 97.69 व. ग. भूमि उपलब्ध होने से स्ट्रिप ऑफ लैण्ड के आवंटन हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। एजेण्डा नोट के अनुसार भूखण्ड संख्या सी–6बी के निकटवर्ती भूखण्ड संख्या बी–40 के स्वामी ने भी उक्त बढे हुये क्षेत्रफल को भूखण्ड संख्या सी–6बी के स्वामी को आवंटन करने पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर उपायुक्त को निर्देशित किया गया कि यह जानकारी की जावें कि उक्त क्षेत्र प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में है अथवा नगर निगम को हस्तानांतरित कर दिया गया है। यदि |

उपायुक्त (एल.पी.सी.)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | जविप्रा क्षेत्राधिकार में है, तो पूर्ण राइट ऑफ वे उपलब्ध है या नहीं। उपायुक्त उक्त तथ्य की पुष्टि कर प्रकरण आगामी एलपीसी की बैठक में प्रस्तुत करे। |
| 5. | 1 | 124:5 | सहायक आसूचना ब्यूरो को कार्यालय एवं आवास हेतु झालाना संस्थानिक क्षेत्र में 3979.74 व.मी. भूमि आवंटन करने बाबत। | सहायक आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के पीछे लगभग 6500 वर्गमीटर भूमि कार्यालय एवं आवास हेतु चाही गई है। उपायुक्त जोन–1 द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र में हेबीटेट सेन्टर के पीछे संस्थानिक भूखण्ड संख्या पार्ट डी क्षेत्रफल 3979.74 व.मी. भूमि आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर ब्यूरो को झालाना संस्थानिक क्षेत्र में संस्थानिक भूखण्ड संख्या पार्ट डी क्षेत्रफल 3979.74 वर्गमी... भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने की अभिशंषा के साथ राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प–3(268)नविवि / 3 / 2011 दिनांक 03.07.12 के अनुसार केन्द्र सरकार के संगठनों को आवंटित की जाने वाली भूमि की दरों के निर्धारण हेतु प्रकरण संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी को दर निर्धारण हेतु मय चैक लिस्ट प्रस्ताव भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 6. | 1 | 124:6 | एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लि. भारत सरकार का उपक्रम को क्षेत्रीय कार्यालय भवन हेतु जयपुर में 2000 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–1 द्वारा एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लि. भारत सरकार का उपक्रम को क्षेत्रीय कार्यालय भवन हेतु झालाना संस्थानिक क्षेत्र में हेबीटेट सेन्टर के पीछे संस्थानिक भूखण्ड संख्या पार्ट सी 2000 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर उपक्रम को झालाना संस्थानिक क्षेत्र में संस्थानिक भूखण्ड संख्या पार्ट सी क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने की अभिशंषा के साथ राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प–3(268)नविवि / 3 / 2011 दिनांक 03.07.12 के अनुसार केन्द्र सरकार के संगठनों को आवंटित की जाने वाली भूमि की दरों के निर्धारण हेतु प्रकरण संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी को दर निर्धारण हेतु मय चैक लिस्ट प्रस्ताव भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 7. | 6 | 124:7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ग्राम माचडा तहसील आमेर के खसरा नं. 266 / 1091 रकबा 0.36 हैक्टयेर बीसलपुर पेयजल योजना हेतु भूमि आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–6 द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ग्राम माचडा तहसील आमेर के खसरा नं. 266 / 1091 रकबा 0.36 हैक्टयेर अर्थात् 3600 वर्गमीटर किस्म गै.मु. पहाड सिवायचक भूमि बीसलपुर पेयजल योजना हेतु भूमि आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। बैठक के दौरान उपस्थित विभाग के प्रतिनिधि (अधिशाषी अभियंता) ने बताया कि उक्त भूमि आवंटन से सीकर रोड पर ऊंचाई की ओर बसी आबादी का पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी। अतः ग्राम माचडा के खसरा नं. 266 / 1091 व खसरा नं. 2 में पृथक–पृथक भूमि आवंटन की जावे। समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को ग्राम मांचडा के खसरा नं. 266 / 1091 में से 1500 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000 / – रूपये भी सम्मिलित किए जावे। आवंटित की जाने वाली भूमि निदेशक (आयोजना) की सहमति से इस प्रकार चिन्हित की जाए कि शेष भूमि का भविष्य में समुचित उपयोग हो सके। |

(25) प्रति० आयुक्त (एल.पी.सी.)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | 6 | 124:8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 4000 वर्गमीटर भूमि बीसलपुर पेयजल योजना हेतु भूमि आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–6 द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को लोहामण्डी में साईन्स पार्क के उपर 100 फीट रोड के व साईड के बीच में ग्राम माचडा के खसरा नं. 2 की एक लम्बी पट्टी क्षेत्रफल 5600 वर्गमीटर भूमि बीसलपुर पेयजल योजना हेतु भूमि आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। बैठक के दौरान उपस्थित विभाग के प्रतिनिधि (अधिशाषी अभियंता) ने बताया कि उक्त भूमि आवंटन से बैनाड रोड के नीचे की ओर बसी आबादी को पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी। अतः ग्राम माचडा के खसरा नं. 266/1091 व खसरा नं. 2 में पृथक–पृथक भूमि आवंटन की जावे। समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को ग्राम माचडा के खसरा नं. 2 में से 4000 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/– रूपये भी सम्मिलित किए जावे। आवंटित की जाने वाली भूमि निदेशक (आयोजना) की सहमति से इस प्रकार चिन्हित की जाए कि शेष भूमि का भविष्य में समुचित उपयोग हो सके। |
| 9. | 6 | 124:9 | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें राज. जयपुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु भूमि आवंटन करने बाबत। | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें राज. जयपुर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु अनुमोदित योजना बालाजी विहार 25 विस्तार सीतावाली फाटक मेन रोड पर सुविधा क्षेत्र की भूमि में आवंटन चाहा गया था। उपायुक्त जोन–6 द्वारा उपरोक्त स्थान पर भूमि उपलब्ध नहीं होने से ग्राम चरण नदी के खसरा नं. 426 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा में से रिक्त भूमि 1761.54 वर्गमीटर में 600 वर्गमीटर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि भूमि अविकसित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को ग्राम चरण नदी के खसरा नं. 426 में से 600 वर्गमीटर भूमि कृषि भूमि की डीएलसी दर + 20 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/– रूपये भी सम्मिलित किया जावे। आवंटित की जाने वाली भूमि निदेशक (आयोजना) की सहमति से इस प्रकार चिन्हित की जाए कि शेष भूमि का भविष्य में समुचित उपयोग हो सके। |
| 10. | 7 | 124:10 | श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री बलवीर शर्मा को भूखण्ड संख्या–8 अमर नगर (नेशनल गृ.नि.स.स.) से लगती हुई भू–पट्टी के आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन–7 द्वारा श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री बलवीर शर्मा को भूखण्ड संख्या–8 अमर नगर (नेशनल गृ.नि.स.स.) के आगे 230.31 वर्गगज (192.56 वर्गमीटर) भू–पट्टी के आवंटन हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। एजेण्डा नोट के अनुसार अमर नगर योजना के भूखण्ड संख्या 1 से 8 तक के आगे रिक्त भूमि की पतली पट्टी है जो स्ट्रीप ऑफ लैण्ड की श्रेणी में आती है, इन भूखण्डों के सामने 160' चौडी सेक्टर रोड है, जो मौके पर 160' चौडी सडक उपलब्ध है। उक्त रिक्त भूमि पर अलग से भूखण्ड सृजित नहीं किया जा सकता। अतः उक्त भू–पट्टी के आवंटन हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर प्रश्नगत भू–पट्टी का क्षेत्रफल 100 वर्गगज से अधिक होने के कारण आवासीय आरक्षित दर की दुगुनी दर पर आवंटन करने की अभिशंषा राज्य सरकार को करने का निर्णय लिया गया। |
| 11. | 8 | 124:11 | अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, | उपायुक्त जोन–8 द्वारा अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना वृत (शहर) जयपुर को |

प्रति० आयुक्त (एल.पी.सी.)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजना वृत (शहर) जयपुर को जविप्रा की आवासीय योजना स्वर्ण विहार में 12299. 15 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने बाबत। | जविप्रा की आवासीय योजना स्वर्ण विहार में पम्प हाउस हेतु 12299.15 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। बैठक के दौरान उपस्थित विभाग के प्रतिनिधि (अधिशाषी अभियंता) ने बताया कि प्रस्तावित भूमि पर 70 लाख लीटर क्षमता का स्वच्छ जलाशय, पम्प हाउस, 33/11 केवी जीएसएस, पृथ्वीराज नगर क्षेत्र के लिए मास्टर स्टोर, स्टॉफ/ऑफिसर्स क्वार्टर, कार्यालय भवन व अन्य संरचना हेतु 13900 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को स्वर्ण विहार योजना में उपलब्ध 12299.15 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/– रूपये भी सम्मिलित किए जावे। |
| 12. | 9 | 124:12 | ग्राम पंचायत विधानी के ग्राम चक सालगरामपुरा के खसरा नं. 107 क्षेत्रफल 10.08 है. में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान के लिए आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–9 द्वारा ग्राम पंचायत विधानी के ग्राम चक सालगरामपुरा के खसरा नं. 107 क्षेत्रफल 10.08 है. में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान के लिए आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। नगरीय विकास विभाग की आवंटन नीति–2015 के बिन्दु संख्या 2.9 के उपबिन्दु IV में श्मशान हेतु भूमि चिन्हित करने व संचालन व रख–रखाव हेतु संबंधित संस्था को हस्तांतरित करने का प्रावधान वर्णित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर ग्राम चक सालगरामपुरा के खसरा नं. 107 [illegible] से 3000 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आरक्षित रखने व इसके संचालन व रख–रखाव का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त भूमि का स्वामित्व जविप्रा का ही रहेगा। आरक्षित की जाने वाली भूमि निदेशक (आयोजना) की सहमति से इस प्रकार चिन्हित की जाए कि शेष भूमि का भविष्य में समुचित उपयोग हो सके। |
| 13. | 9 | 124:13 | ग्राम पंचायत विधानी के ग्राम जीरोता के खसरा नं. 737 क्षेत्रफल 5.79 है. में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान के लिए आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–9 द्वारा ग्राम पंचायत विधानी के ग्राम जीरोता के खसरा नं. 737 क्षेत्रफल 5.79 है. में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान के लिए आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। नगरीय विकास विभाग की आवंटन नीति–2015 के बिन्दु संख्या 2.9 के उपबिन्दु IV में श्मशान हेतु भूमि चिन्हित करने व संचालन व रख–रखाव हेतु संबंधित संस्था को हस्तांतरित करने का प्रावधान वर्णित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर ग्राम जीरोता के खसरा नं. 737 में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आरक्षित रखने व इसके संचालन व रख–रखाव का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त भूमि का स्वामित्व जविप्रा का ही रहेगा। आरक्षित की जाने वाली भूमि निदेशक (आयोजना) की सहमति से [illegible] प्रकार चिन्हित की जाए कि शेष भूमि का भविष्य में समुचित उपयोग हो सके। |
| 14. | 9 | 124:14 | ग्राम पंचायत विधानी के ग्राम जयसिंहपुरा बास जीरोता के खसरा नं. 323 क्षेत्रफल 5.34 है. में से 2000 व.मी. भूमि श्मशान के लिए आरक्षित करने बाबत। | उपायुक्त जोन–9 द्वारा ग्राम पंचायत विधानी के ग्राम जयसिंहपुरा बास जीरोता के खसरा नं. 323 क्षेत्रफल 5.34 है. में से 2000 व.मी. भूमि श्मशान के लिए आरक्षित करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। नगरीय विकास विभाग की आवंटन नीति–2015 के बिन्दु संख्या 2.9 के उपबिन्दु IV में श्मशान हेतु भूमि चिन्हित करने व संचालन व रख–रखाव हेतु संबंधित संस्था को हस्तांतरित करने का प्रावधान वर्णित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर ग्राम जयसिंहपुरा बास जीरोता के खसरा नं. 323 में से |

प्रा० आयुक्त (एल.पा.सी.)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 2000 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आरक्षित रखने व इसके संचालन व रख–रखाव का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त भूमि का स्वामित्व जविप्रा का ही रहेगा। आरक्षित की जाने वाली भूमि निदेशक (आयोजना) की सहमति से इस प्रकार चिन्हित की जाए कि शेष भूमि का भविष्य में समुचित उपयोग हो सके। |
| 15. | 10 | 124:15 | श्रीमती लाडा देवी को भूखण्ड संख्या ए–291 योजना सुमेल के अधिक बढे हुये क्षेत्रफल के आवंटन एवं राशि वसूल करने के संबंध में। | श्रीमती लाडा देवी को सुमेल योजना के भूखण्ड संख्या ए–291 क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर का आवंटन किया गया था। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड कॉर्नर होने के कारण भूखण्ड का क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर बढ़ा हुआ है। उपायुक्त द्वारा उक्त बढे हुये क्षेत्रफल के आवंटन की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। साथ ही अवगत कराया है कि योजना की वर्तमान आवासीय आरक्षित दर 8000/– रूपये प्रति वर्गमीटर है। प्रकरण में बढे हुये क्षेत्रफल के पेटे तत्कालीन आरक्षित दर 3100/– रू. प्रति व.मी. की दुगुनी दर व कॉर्नर चार्जेज की राशि जमा की जा चुकी है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर प्रकरण में कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। |
| 16. | 10 | 124:16 | पुलिस चौकी सायपुरा के लिए ग्राम आमेर तह. आमेर के खसरा नं. 8228, 8238 कुल किता 2 रकबा 0.39 हैक्टेयर भूमि के आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–10 द्वारा थानाधिकारी आमेर को पुलिस चौकी सायपुरा के लिए ग्राम आमेर तह. आमेर के खसरा नं. 8228, 8238 कुल किता 2 रकबा 0.39 हैक्टेयर भूमि के आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा विचार कर निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापना की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये उक्त भूमि की पशु हटवाडा लगाने हेतु नगर निगम, जयपुर को जारी एन.ओ.सी. में से उक्त रकबा कम करते हुये चौकी हेतु 1000 वर्गमीटर भूमि कृषि भूमि की डीएलसी दर + 20 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/– रूपये भी सम्मिलित किए जावे। |
| 17. | 11 | 124:17 | श्री सूर्यकिरण मीणा पुत्र श्री रामजीलाल मीणा को अनुपम विहार आवासीय योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या ए–244 के विनिमय में भूखण्ड संख्या ए–119 या सी–222 आवंटित किये जाने बाबत। | श्री सूर्यकिरण मीणा पुत्र श्री रामजीलाल मीणा को अनुपम विहार आवासीय योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या ए–244 क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर 40 फीट चौडी रोड पर आवंटन किया गया था। उपायुक्त द्वारा पूर्व में जारी योजना मानचित्र व पुनः रि–प्लानिंग किये गये मानचित्र में भूखण्ड संख्या उपलब्ध नहीं होने से प्रार्थी को भूखण्ड संख्या ए–224 के स्थान पर भूखण्ड संख्या ए–119 या सी–222 प्रत्येक 162 वर्गमीटर 12 मीटर रोड पर स्थित में से एक भूखण्ड विनिमय किये जाने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। मिति द्वारा विचार विमर्श कर समान ब्लॉक में समान माप व समान चौडाइ का रोड पर स्थित उपलब्ध नॉन कॉर्नर भूखण्ड संख्या ए–119 विनिमय करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रस्तावित भूखण्ड समान क्षेत्रफल का है एवं समान चौड़ाई पर स्थित है। |
| 18. | 12बी | 124:18 | अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पी. एच.ई.डी. जयपुर रीजन द्वितीय जयपुर को ग्राम बैनाड में स्थित कदम्ब विहार योजना में से 800 वर्गमीटर भूमि ई.एस. आर. बनाने हेतु आवंटन करने | उपायुक्त जोन–12बी द्वारा अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पी. एच.ई.डी. जयपुर रीजन द्वितीय जयपुर को ग्राम बैनाड में स्थित कदम्ब विहार योजना में से 800 वर्गमीटर भूमि ई. एस.आर. बनाने हेतु आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। एजेण्डा नोट के अनुसार योजना के अनुमोदित मानचित्र में उक्त स्थल सुविधा क्षेत्र अंकित है। समिति |

प्रा० आयुक्त (एल.पा.म.) जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | बाबत। | द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को कदम्ब विहार योजना में 800 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/— रूपये भी सम्मिलित किए जावे। |
| 19. | 12बी | 124:19 | अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पी. एच.ई.डी. जयपुर रीजन द्वितीय जयपुर को ग्राम निवारू में स्थित बसन्त विहार योजना में से 1500 वर्गमीटर भूमि ई.एस. आर. बनाने हेतु आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन—12बी द्वारा अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पी. एच.ई.डी. जयपुर रीजन द्वितीय जयपुर को ग्राम निवारू में स्थित बसन्त विहार योजना में से 1500 वर्गमीटर भूमि ई. एस.आर. बनाने हेतु आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। एजेण्डा नोट के अनुसार योजना के अनुमोदित मानचित्र में उक्त स्थल पार्क/सुविधा क्षेत्र अंकित है। बैठक के दौरान उपस्थित विभाग के प्रतिनिधि (अधिशाषी अभियंता) ने बताया कि जलाशय का निर्माण निम्नतल (बेसमेन्ट) में किया जावेगा व उक्त स्थान पर एक बार जलाशय निर्माण हो जाने के बाद पार्क को पुनः निर्माण व रख—रखाव कर दिया जावेगा। साथ ही पार्क में भूमि आवंटन हेतु कॉलोनीवासियों ने भी सहमति प्रदान की है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को बसन्त विहार योजना में 1500 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/— रूपये भी सम्मिलित किए जावे। |
| 20. | 12बी | 124:20 | अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पी. एच.ई.डी. जयपुर रीजन द्वितीय जयपुर को ग्राम लालचन्दपुरा में स्थित भगवती नगर योजना में से 1500 वर्गमीटर भूमि ई. एस.आर. बनाने हेतु आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन—12बी द्वारा अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पी. एच.ई.डी. जयपुर रीजन द्वितीय जयपुर को ग्राम लालचन्दपुरा में स्थित भगवती नगर योजना में से 1500 वर्गमीटर भूमि ई.एस.आर. बनाने हेतु आवंटन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। एजेण्डा नोट के अनुसार योजना के अनुमोदित मानचित्र में उक्त स्थल पार्क क्षेत्र अंकित है। बैठक के दौरान उपस्थित विभाग के प्रतिनिधि (अधिशाषी अभियंता) ने बताया कि जलाशय का निर्माण निम्नतल (बेसमेन्ट) में किया जावेगा व उक्त स्थान पर एक बार जलाशय निर्माण हो जाने के बाद पार्क को पुनः निर्माण व रख—रखाव कर दिया जावेगा। समिति द्वारा विचार विमर्श कर विभाग को भगवती नगर योजना में 1500 वर्गमीटर भूमि (पार्क में भूमि आवंटन हेतु कॉलोनिवासियों/ विकास समिति की सहमति की शर्त पर) योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। विभाग को जारी किये जाने वाले मांग पत्र में आवेदन शुल्क के 5000/— रूपये भी सम्मिलित किए जावे। |
| 21. | 12बी | 124:21 | श्रीमति सुमित्रा देवी को आनंद लोक आवासीय योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या ए—163 क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर न्यायालय में विवाद होने के कारण भूखण्ड संख्या ए—80ए क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर विनिमय बाबत। | श्रीमति सुमित्रा देवी को आनंद लोक आवासीय योजना में भूखण्ड संख्या ए—163 क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा राशि दिनांक 28.11.06 को जमा करा दी गई। परन्तु भूखण्ड न्यायालय में विवादित होने के कारण कब्जा नहीं दिया जा सका। दिनांक 29.03. 12 को ए—163 का आवंटन निरस्त करते हुये ए—98 क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर का आवंटन किया गया। जिसे दिनांक 02.05.12 को वापस withdraw किया गया। उपायुक्त द्वारा समान सडक पर स्थित भूखण्ड संख्या ए—80ए क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर के विनिमय हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर |

(एल.ए.सी.)
प्राधि० आयुक्त
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | समान ब्लॉक में समान माप व समान चौडाई की रोड पर स्थित उपलब्ध रिक्त नॉन कॉर्नर भूखण्ड संख्या ए–80ए विनिमय करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रस्तावित भूखण्ड समान क्षेत्रफल के है एवं समान चौड़ाई पर स्थित है। |
| 22. | 12बी | 124:22 | श्री राहुल चन्द्रोदय, श्री सुनील खण्डेलवाल, श्री अशोक कुमार एवं श्री जगमोहन मीणा को निजी खातेदारी की आवासीय योजना मंगलम विहार ए, बी, सी के भूखण्ड संख्या सी–123, सी–190, सी–191, सी–256 के स्थान पर नवीन भूखण्ड व एलआईजी श्रेणी से अधिक बढे हुये क्षेत्रफल का आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन–12बी द्वारा एजेण्डा नोट प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि निजी खातेदारी की आवासीय योजना मंगलम विहार ए, बी, सी के भूखण्ड संख्या सी–123, सी–190, सी–191, सी–256 क्षेत्रफल क्रमशः 88.32 वर्गमीटर, 89.18 वर्गमीटर, 89.18 वर्गमीटर तथा 84.53 वर्गमीटर का आवंटन लॉटरी द्वारा श्री राहुल चन्द्रोदय, श्री सुनील खण्डेलवाल, श्री अशोक कुमार एवं श्री जगमोहन मीणा को किया गया था। उक्त भूखण्डों पर अतिक्रमण होने से आवंटियों को कब्जा नहीं दिया जा सका। विकासकर्ता द्वारा उपरोक्त भूखण्डों के बदल भूखण्ड संख्या सी–124 से सी–127 क्षेत्रफल क्रमशः 94.07 वर्गमीटर, 93.29 वर्गमीटर, 92.51 वर्गमीटर तथा 101.79 वर्गमीटर के भूखण्डों का कब्जा पत्र जारी कर भूखण्ड बदलने का आग्रह किया है। लेकिन नव प्रस्तावित उक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल एलआईजी श्रेणी से अधिक है। अतः उपायुक्त द्वारा पूर्व भूखण्डों के स्थान पर नवीन भूखण्ड विनिमय हेतु व अधिक क्षेत्रफल का नियमन करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरणों में आवेदक के स्तर पर कोई त्रुटि नहीं हुई है। लॉटरी द्वारा आवंटित भूखण्ड मौके पर उपलब्ध नहीं है व विकासकर्ता द्वारा विनिमय हेतु प्रस्तावित भूखण्डों का क्षेत्रफल पूर्व भूखण्डों व एलआईजी श्रेणी की निर्धारित माप से अधिक है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या सी–123, सी–190, सी–191, सी–256 के स्थान पर सी–124 से सी–127 का विनिमय जरिये लॉटरी किया जावे। तथा बढे हुये क्षेत्रफल को एल.आई.जी. श्रेणी की आवासीय आरक्षित दर पर आवंटन किया जावे। |
| 23. | 12बी | 124:23 | ग्राम रोजदा में स्थित जविप्रा की मूर्तिकला विहार योजना में से 1000 वर्गमीटर भूमि 33/11 केवी जीएसएस बनाने हेतु आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन–12बी द्वारा जविप्रा की ग्राम रोजदा में स्थित जविप्रा की मूर्तिकला विहार योजना में से 1000 वर्गमीटर भूमि 33/11 केवी जीएसएस बनाने हेतु आवंटन के लिए एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण एलपीसी से संबंधित नहीं है। पी.डब्ल्यू.सी की बैठक में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराई जावे। |
| 24. | 13 | 124:24 | श्री रामफूल पुत्र छोटू को ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखण्ड संख्या बी–209 क्षेत्रफल 195 से बढ़कर 236 वर्गमीटर हो जाने के कारण विनिमय में समान क्षेत्रफल का भूखण्ड दिये जाने बाबत। | श्री रामफूल पुत्र छोटू को ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखण्ड संख्या बी–209 क्षेत्रफल 195 वर्गमीटर आवंटन किया गया था। मौके की रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड का क्षेत्रफल 38.50 वर्गमीटर बढ गया है। जिसे एलपीसी की 119वीं बैठक में आवासीय आरक्षित दर की दुगुनी दर पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। लेकिन प्रार्थी द्वारा राशि जमा नहीं कराकर समान क्षेत्रफल का अन्य भूखण्ड आवंटन करने का निवेदन किया है। अतः उपायुक्त द्वारा भूखण्ड संख्या बी–209 के स्थान पर मौका अनुसार समान सड़क एवं समान क्षेत्रफल के रिक्त भूखण्ड संख्या ए–1/130, ए–1/132 से ए–1/143 प्रत्येक क्षेत्रफल 195 वर्गमीटर में से एक भूखण्ड के विनिमय हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर भूखण्ड संख्या बी–209 के स्थान पर मौका अनुसार समान सड़क एवं समान क्षेत्रफल के रिक्त भूखण्ड संख्या ए–1/130, ए–1/132 से ए–1/143 प्रत्येक क्षेत्रफल 195 वर्गमीटर में |

[illegible]
(एल.पा.सा.)
अति० आयुक्त (एल.पा.सा.) जयपुर
जयपुर विकास प्राधिकरण,

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | से एक नॉन कॉर्नर भूखण्ड लॉटरी द्वारा विनिमय किये जाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रस्तावित भूखण्ड समान क्षेत्रफल के है एवं समान चौड़ाई पर स्थित है। |
| 25. | 13 | 124:25 | श्री ओमप्रकाश लोहिया को ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखण्ड संख्या ए–4/370 क्षेत्रफल 210 वर्गमीटर से बढ जाने के कारण विनिमय में समान क्षेत्रफल का भूखण्ड दिये जाने बाबत। | श्री ओमप्रकाश लोहिया को ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखण्ड संख्या ए–4/370 क्षेत्रफल 210 वर्गमीटर आवंटन किया गया था। मौके की रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड का क्षेत्रफल 44 वर्गमीटर बढ गया है। जिसे एलपीसी की 121वीं बैठक में आवासीय आरक्षित दर की दुगुनी दर पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। लेकिन प्रार्थी द्वारा राशि जमा नहीं कराकर समान क्षेत्रफल का अन्य भूखण्ड आवंटन करने का निवेदन किया है। अतः उपायुक्त द्वारा भूखण्ड संख्या ए–4/370 के स्थान पर समान सड़क एवं समान क्षेत्रफल के रिक्त भूखण्ड संख्या ए–3/12बी, ए–3/12सी, ए–3/12डी, ए–3/12ई, ए–3/12एफ में से एक भूखण्ड के विनिमय हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया गया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर भूखण्ड संख्या ए–4/370 के स्थान पर समान सड़क एवं समान क्षेत्रफल के रिक्त भूखण्ड संख्या ए–3/12बी, ए–3/12सी, ए–3/12डी, ए–3/12ई, ए–3/12एफ में से एक नॉन कॉर्नर भूखण्ड लॉटरी द्वारा विनिमय किये जाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रस्तावित भूखण्ड समान क्षेत्रफल के है एवं समान चौड़ाई पर स्थित है। |
| 26. | 14 | 124:26 | ग्राम खेतापुरा व ग्राम श्यामपुरा बुहारिया के श्मशान घाट की भूमि रिंग रोड परियोजना के निर्माण क्षेत्र में आने के कारण वार्ड पच एवं ग्रामवासियों के प्रार्थना पत्र के आधार पर इसकी एवज में श्मशान हेतु ग्राम खेतापुरा तह. सांगानेर में रिंग रोड परियोजना में आरक्षित भूमि 2302.68 वर्गमीटर का आरक्षित करने बाबत। | एलपीसी की 119वीं बैठक दिनांक 11.09.15 में सरपंच, ग्राम पंचायत मोहनपुरा को ग्राम खेतापुरा व ग्राम श्यामपुरा बुहारिया के श्मशान घाट की भूमि रिंग रोड परियोजना के निर्माण क्षेत्र में आने के कारण वार्ड पंच एवं ग्रामवासियों के प्रार्थना पत्र के आधार पर इसकी एवज में श्मशान हेतु ग्राम खेतापुरा तह. सांगानेर में रिंग रोड परियोजना में आरक्षित भूमि 2302.68 वर्गमीटर का आवंटन किये जाने का निर्णय लिया गया था। सरपंच, ग्राम पंचायत मोहनपुरा द्वारा राशि जमा नहीं कराई जाकर पत्र दिनांक 29.04.16 से नवीन आवंटन नीति–2015 के अनुसार भूमि आरक्षित करने की मांग की है। अतः उपायुक्त द्वारा उक्तानुसार पुनः एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर रिंग रोड परियोजना में आरक्षित भूमि 2302.68 वर्गमीटर भूमि श्मशान हेतु आरक्षित रखने व इसके संचालन व रख–रखाव का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त भूमि का स्वामित्व जविप्रा का ही रहेगा। |
| 27. | 14 | 124:27 | जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जयपुर जिला वृत) को ग्राम तीतरिया तह. चाकसू में सृजित जविप्रा की योजना अभिनव विहार विस्तार के सुविधा क्षेत्र में से 5158.59 व. मी. भूमि 33/11 केवी उपकेन्द्र हेतु आवंटित किये जाने बाबत। | एलपीसी की 75वीं बैठक दिनांक 23.03.11 में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जयपुर जिला वृत) को ग्राम तितरिया तह. चाकसू के खसरा नं. 3019 में से 0.50 हैक्टयेर भूमि 33/11 केवी उपकेन्द्र हेतु आवंटन की गई थी। विभाग द्वारा उक्त भूमि की मांग राशि जमा कराई जा चुकी है। किन्तु वर्ष 2014 में उक्त खसरे को शामिल करते हुये ग्राम तितरिया में अभिनव विहार विस्तार योजना सृजित की गई, जिसके अनुमोदित मानचित्र अनुसार आवंटित भूमि योजना के सुविधा क्षेत्र 5158.59 वर्गमीटर भूमि में आरक्षित की गई है। उपायुक्त द्वारा पूर्व में आवंटित 5000 वर्गमीटर के अतिरिक्त 158.59 वर्गमीटर भूमि आवंटन हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि उक्त 158.59 वर्गमीटर भूमि का कोई पृथक उपयोग |

प्रति० ग्रामुक्त (एल.पी.सी.)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | किया जाना संभव नहीं है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर अतिरिक्त 158.59 वर्गमीटर भूमि योजना की वर्तमान संस्थानिक आरक्षित दर + 15 प्रतिशत (शहरी निकाय को देय राशि) पर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। |
| 28. | 14 | 124:28 | सरपंच, ग्राम पंचायत चित्तौडा पंचायत समिति फागी, जयपुर को ग्राम श्रीराजपुरा तहसील फागी के खसरा नं. 31/1 रकबा 104.09 बीघा किस्म चरागाह में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आरक्षित करने बाबत। | उपायुक्त जोन–14 द्वारा सरपंच, ग्राम पंचायत चित्तौडा पंचायत समिति फागी, जयपुर को ग्राम श्रीराजपुरा तहसील फागी के खसरा नं. 31/1 रकबा 104.09 बीघा किस्म चरागाह में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आरक्षित करने एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि जविप्रा की आवासीय योजना रोहिणी एनक्लेव की 60 मीटर रोड पर स्थित है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श कर ग्राम श्रीराजपुरा तहसील फागी के खसरा नं. 31/1 में से 3000 व.मी. भूमि श्मशान हेतु आरक्षित रखने व इसके संचालन व रख–रखाव का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त भूमि का स्वामित्व जविप्रा का ही रहेगा। |
| 29. | 14 | 124:29 | वाटिका रोड पर रोड की चौडाई बढने के कारण रोड में आ रहे 33/11 केवी सब स्टेशन को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने हेतु 1000 व.मी. भूमि सचिवालय नगर सीतापुरा में आरक्षित करने बाबत। | उपायुक्त जोन–14 द्वारा वाटिका रोड पर रोड की चौडाई बढने के कारण रोड में आ रहे 33/11 केवी सब स्टेशन को अन्यत्र शिफ्ट किये जाने हेतु 1000 व.मी. भूमि सचिवालय नगर सीतापुरा में आरक्षित करने हेतु एजेण्डा नोट प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा विचार विमर्श कर अधिशाषी अभियंता (विद्युत–I), जविप्रा, जयपुर हेतु सचिवालय नगर, सीतापुरा में 1000 वर्गमीटर भूमि 33/11 केवी सब स्टेशन हेतु आरक्षित करने का निर्णय लिया गया। |
